No. of Printed Pages : 4

Serial No. 25029355

# EVEREST – 54
# 2022
## विधि (प्रश्न-पत्र – I)
## (मौलिक विधि)
## LAW (PAPER – I)
## (Substantive Law)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :** अभ्यर्थियों को प्रश्न सं. **1** तथा **2** करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई चार प्रश्न हल करें । कुल छः प्रश्न हल करने हैं ।
प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित है ।

**नोट :** प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्याता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गये किसी पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दीजिए ।

**Specific Instructions :** Candidates have to attempt Question Nos. **1** and **2** and **any four** of the remaining ones. Attempt **six** questions in all. Marks carried by each question are indicated at its end.

**Note :** Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

1. (a) अद्यतन निर्णयों के आलोक में 103 वें संविधान संशोधन द्वारा आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) को दिए आरक्षण की संवैधानिकता का विश्लेषणात्मक परीक्षण कीजिए ।
Examine analytically, in the light of latest judgements, the constitutionality of the reservations to Economically Weaker Sections (EWS) given by the 103rd Constitutional Amendment. 15

(b) क्या अनुच्छेद 16(4) के तहत प्रावधान मूल अधिकार हैं ? निर्णित वादों की सहायता से विवेचना कीजिए ।
Whether the provisions under Article 16(4) are Fundamental Rights ? Analyse with the help of decided cases. 10

(c) "आधारभूत संरचना का सिद्धान्त न्यायिक सृजन है । इस बारे में संविधान में कहीं भी उल्लेख नहीं है ।" निर्णित वादों के माध्यम से विवेचना कीजिए । आधारभूत संरचना को समझाइये ।
"The principle of basic structure is judicial creation. It has no where been mentioned in the Constitution." Explain with the help of decided cases. Discuss the principle of basic structure. 15

(d) यदि दो मौलिक अधिकारों में टकराव हो तो न्यायालय को क्या करना चाहिए ? निर्णित निर्णयों के आलोक में विवेचना कीजिए ।
If there is clash between two Fundamental Rights, what course should be taken by the courts ? Discuss in light of decided cases. 10

2. (a) "हिन्दू विधि स्थानीय विधि नहीं है।" – व्याख्या कीजिए।
"Hindu law is not lex loci." – Explain. 10

(b) अव्यवहारिक ऋण क्या है ? कब ऋण अव्यवहारिक बन जाता है ? ऐसे ऋणों के विषय में विधि का वर्णन कीजिए।
What is Avyavaharik debt ? When debt becomes Avyavaharik ? Discuss the law regarding such debts. 10

(c) हिन्दू विवाह एक संस्कार है, जबकि मुस्लिम विवाह एक संविदा है। विवेचना कीजिए।
Hindu Marriage is a sacrament (Sanskar), whereas Muslim Marriage is a contract. Discuss. 10

3. (a) "शैवायत" तथा "महन्त" से आप क्या समझते हैं ? क्या महन्त के पद का अन्तरण हो सकता है ? विवेचना कीजिए।
What do you understand by "Shevait" and "Mahant" ? Can the office of Mahant be alienated ? Discuss. 10

(b) "मुस्लिम विधि में विवाह की संविदा, विक्रय की संविदा से भिन्न है।" – विवेचना कीजिए।
"Marriage contract in Muslim law differ from contract of sale." – Explain. 10

(c) मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 का यौवनागमन के विकल्प पर क्या प्रभाव है ? विवेचना कीजिए।
What is the effect of Dissolution of Muslim Marriage Act, 1939 on option of puberty ? Discuss. 10

4. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :
Explain the following :

(i) काफा का सिद्धान्त
Doctrine of Kafa 10

(ii) रेस इप्सा लोक्यूटर
Res ipsa loquitur 10

(iii) "भागीदारी", "इच्छाधीन भागीदारी" एवं "विशिष्ट भागीदारी"।
"Partnership", "Partnership at Will" and "Particular Partnership". 10

5. (a) "भागीदारी फर्म" से आप क्या समझते हैं ? भागीदार के क्या कर्त्तव्य हैं ? फर्म के विघटन के कारणों का वर्णन कीजिए।
What do you mean by "Partnership Firm" ? What are duties of partners ? Explain reasons for dissolution of a firm. 15

(b) 'राज्य के अपकृत्यपूर्ण दायित्व के निर्धारण में सम्प्रभू उन्मुक्ति परीक्षण का सिद्धान्त अब समाप्त हो चुका है।' अद्यतन निर्णयों की सहायता से इस कथन का परीक्षण कीजिए।
'The test of sovereign immunity has now been disappeared in determining the tortious liability of State.' Explain this statement with the help of latest judicial pronouncements. 15

6. निम्नलिखित में अन्तर कीजिए :
Differentiate the following :
(i) ''आर्थिक क्षति के बिना हानि'' एवं ''विधिक हानि के बिना आर्थिक क्षति'' ।
"Damnum sine injuria" and "Injuria sine Damnum". 10
(ii) ''सशर्त विक्रय द्वारा बन्धक'' एवं ''पुनः क्रय की शर्त के साथ विक्रय'' ।
"Mortgage by conditional sale" and "Sale with condition of re-purchase". 10
(iii) ''सकारात्मक सुखाधिकार'' एवं ''नकारात्मक सुखाधिकार'' ।
"Affirmative Easement" and "Negative Easement". 10

7. (a) विचाराधीन वाद या लम्बित वाद से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित समझाइये ।
What do you understand by the Doctrine of Lis pendent ? Explain with illustrations. 10
(b) ''वह जो समय में पूर्ववर्ती है, विधि में श्रेष्ठ है ।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए ।
"He who is prior in time is better in law." Explain this statement. 10
(c) क्रेता एवं विक्रेता के अधिकार एवं दायित्वों की विवेचना कीजिए ।
Discuss the rights and liabilities of buyer and sellers. 10

8. (a) ''भारतीय सुखाधिकार अधिनियम अपने आप में पूर्ण है ।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? बताइये कि किस सीमा तक यह अधिनियम अंग्रेजी विधि से प्रभावित है ?
"Indian Easement Act is complete in itself." Do you agree with this view ? Explain, to what extent it is affected by English law ? 10
(b) संविदाओं के विनिर्दिष्ट पालन से आप क्या समझते हैं ? वो कौन सी संविदाएँ हैं जिनका विनिर्दिष्ट पालन कराया जा सकता है एवं किन संविदाओं का नहीं ? समझाइये ।
What do you understand by specific performance of contract ? Which contracts can be specifically enforced and which cannot be ? Explain. 10
(c) उन परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनमें सुखाधिकार समाप्त हो जाता है ।
Explain the circumstances under which an easement extinguishes. 10

9. (a) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 में निवारक अनुतोष क्या हैं ? ये कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं ?
What are preventive reliefs under Specific Relief Act, 1963 ? How is it granted ? 10
(b) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 में अवसंरचना परियोजना से संबंधित संविदा के लिए क्या कोई विशेष प्रावधान है ? यदि हां, तो बताइये ।
Is there any special provisions in Specific Relief Act, 1963 for contract to Infrastructure Project ? If yes, Discuss. 10
(c) "न्यास" व "न्यास भंग" को परिभाषित कीजिए । न्यासियों के क्या कर्त्तव्य व दायित्व हैं ? विवेचना कीजिए ।
Define "Trust" and "Breach of Trust". What are the duties and liabilities of Trustees ? Explain. 10

10. (a) 'क' जो हिन्दू है और अपने पिता 'ख' से पृथक हो गया है, तीन खेत 'क्ष', 'त्र' और 'ज्ञ' यह व्यपदेशन करते हुए 'ग' को बेच देता है, कि 'क' उन्हें अन्तरित करने के लिए प्राधिकृत है। इन खेतों में से 'ज्ञ' खेत 'क' का नहीं है, क्योंकि विभाजन के समय 'ख' ने इसे अपने लिए प्राधिकृत कर लिया था, किन्तु 'ख' के मरने पर वारिस के रूप में 'ज्ञ' को 'क' प्राप्त कर लेता है। 'ग' ने विक्रय विखण्डित नहीं किया है। क्या 'ग', 'क' पर 'ज्ञ' को परिदत्त करने के लिए वाद कर सफल हो सकता है ? समझाइये।

'A', a Hindu who has separated from his father 'B', sells to 'C' three fields, 'X', 'Y' and 'Z', representing that 'A' is authorised to transfer the same, of these fields 'Z' does not belong to 'A', it having been retained by 'B' on the partition; but on 'B's dying 'A' as heir obtains 'Z'. 'C', not having rescinded the contract of sale. Can 'C' sue 'A' to deliver 'Z' to him and succeed ? Explain. 10

(b) 'औल' (वृद्धि) के सिद्धान्त को समझाइये।

Explain the Doctrine of 'Aul' (increase). 10

(c) क अपनी पत्नि को सम्पत्ति अन्तरित करता है, किन्तु उसके जीवनकाल में उसकी पत्नि की मृत्यु हो जाने की दशा में वह सम्पत्ति, जिसे उसने अपनी पत्नी को अन्तरित किया था, ख को अन्तरित करता है। क और उसकी पत्नी ऐसी परिस्थिति में एक साथ विनष्ट हो जाते हैं, जिनसे यह साबित करना असम्भव हो जाता है कि वह पहले मर गई। क्या ख के पक्ष में व्ययन प्रभावी होगा ? परीक्षण कीजिए।

A transfers property to his wife, but, in case she die in his life time, transfers to B that which he had transferred to her. A and his wife perish together under the circumstances which make it impossible to prove that she died before him. Examine, whether the disposition in favour of B will take effect ? 10

---